04/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित यह महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा। इसका विषय है- **विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण**। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शिल्पकारों से बातचीत भी की। इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मज़बूत बनाना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का निर्माण और ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढ़ावा देना है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

महोत्सव में जीवंत प्रस्तुतियों और प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की समृद्ध धरोहर का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव का एक मुख्य लक्ष्य उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है।

इस दौरान सरकारी अधिकारी, ग्रामीण उद्यमी, शिल्पकार और विभिन्न क्षेत्रों के हितधारक सहयोगात्मक और सामूहिक ग्रामीण बदलाव के लिए रूपरेखा तैयार करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत पर विशेष ध्यान देते हुए ग्रामीण लोगों की आर्थिक स्थिरता और वित्तीय सुरक्षा को बढ़ावा देना है।

0000000000000000000000

केंद्र सरकार ने डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण नियम 2025 का मसौदा जारी कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसे साझा करते हुए कहा कि मसौदा नियम परामर्श के लिए खुले हैं । उन्होंने इस बारे में लोगों से अपने विचार व्यक्त करने को भी कहा। डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अगस्त 2023 में मंजूरी दी थी। मसौदा नियमों में डिजिटल वैयक्तिक डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 के अंतर्गत व्यक्तिगत सहमति लेने, डेटा प्रसंस्करण निकायों और अधिकारियों के कामकाज से जुडे प्रावधान किए गए है।

0000000000000000000000

आज विश्व ब्रेल दिवस मनाया जा रहा है। दृष्टिहीन और आंशिक रूप से दृष्टिहीन लोगों के संचार साधन के रूप में ब्रेल के महत्व के बारे में जागरुकता लाने के लिए हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ब्रेल प्रणाली के विचारक लुईस ब्रेल की जयंती के अवसर पर चार जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। दृष्टिहीन और आंशिक रूप से दृष्टिहीन लोग पुस्तकें और पत्रिकाएं आदि पढ़ने के लिए ब्रेल भाषा का उपयोग करते हैं।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक से मुलाकात की। उन्होंने विकास के फोकस क्षेत्रों पर चर्चा की और 2025 में राज्य के लिए विकास संबंधी दृष्टिकोण को रेखांकित किया। राज्यपाल ने पर्यटन की अप्रयुक्त क्षमता को रेखांकित करते हुए युवाओं के लिए पर्याप्त स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सतत पर्यटन के विकास की जोर दिया। शासन में दक्षता और पारदर्शिता के महत्व पर जोर देते हुए राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को विकास परियोजनाओं के लिए उन्नत निगरानी तंत्र लागू करने की सलाह दी। उन्होंने परियोजना वितरण में समय पर निष्पादन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिला और मंडल स्तर से शुरू होने वाली विभागीय प्रक्रियाओं के स्वचालन का सुझाव दिया।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने कल शि योमी जिले के मेचुका में भारत के सबसे ऊंचे प्रार्थना चक्र दोरजी सेम्पा खोरचेन और एनसीडीएस बहुउद्देशीय भवन का उदघाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय बुनियादी ढांचे और पर्यटन क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने मेचुका की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने और संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेचुका की संस्कृति अविश्वसनीय रूप से समृद्ध है और इसे पूरे अरुणाचल प्रदेश में प्रदर्शित किया जाना चाहिए ।

0000000000000000000000

अमिताभ आईपीएस, आईजी नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर आईटीबीपी ने कल मुख्यमंत्री पेमा खांडू से मुलाकात की। आईटीबीपी के सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया कि मुख्यमंत्री के साथ आईजी की बैठक सीमा सुरक्षा, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम, स्थानीय उपज के लिए समझौता ज्ञापन, बीओपी पर पॉलीहाउस खेती और स्थानीय समुदाय के साथ संबंधों को मजबूत करने जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए हुई।

0000000000000000000000

मेयर तम्मे फासांग के नेतृत्व में ईटानगर नगर निगम की टीम ने गोवा में प्रमुख अपशिष्ट प्रबंधन सुविधाओं का महत्वपूर्ण दौरा कर रीसाइक्लिंग तकनीकों और टिकाऊ अपशिष्ट उपचार समाधानों सहित उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन पर जानकारी ली। आईएमसी मेयर ने कहा, यह दौरा हमारी टीम के लिए सीखने का अनुभव रहा है।

0000000000000000000000

ईटानगर राजधानी क्षेत्र, नाहरलागुन पुलिस ने 2024 में 'ऑपरेशन डॉन'  के तहत नशीली पदार्थ से संबंधित अपराधों से निपटने और अपराधों को कम करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। 2024 में, एनडीपीएस अधिनियम के तहत 41 मामले दर्ज किए गए, 97 ड्रग पेडलर्स की गिरफ्तारी और 7,000 ग्राम से अधिक प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए गए ।इसके अलावा, 2024 में चोरी के मामलों में 43 प्रतिशत की कमी आई है। आईसीआर नाहरलागुन पुलिस ने कॉलेजों, स्कूलों और पुनर्वास केंद्रों में व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाए।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्‍वारा 27 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा की मुख्य लिखित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। प्रारंभिक परीक्षा पास करने वाले सभी 1658 सिविल सेवा अभ्यर्थी 6, 7, 9 और 10 अप्रैल को मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल होंगे।

0000000000000000000000